<u>संदेश</u>

दीपावली के शुभ अवसर पर मैं, भारत और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

दीपावली खुशियों और उमंग का त्योहार है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और अधर्म पर धर्म की विजय का उत्सव है। यह त्योहार देश-विदेश में विभिन्न समुदायों और वर्गों द्वारा उल्लास से मनाया जाता है। यह पर्व एक उज्ज्वल भविष्य के लिए आशा का संचार करता है।

दीपावली के पावन अवसर पर हमें अन्त:करण को आलोकित करने और प्रेम, करुणा तथा सामाजिक सद्भाव जैसी सद्प्रवृत्तियों को अपनाने का निश्चय करना चाहिए। यह पर्व वंचित और जरूरतमंदों की सहायता करने और उनके साथ खुशियां बांटने का अवसर भी है।

आइए, हम अच्छाई में आस्था रखते हुए भारत की गौरवशाली संस्कृति पर गर्व करें और एक स्वस्थ, समृद्ध और संवेदनशील समाज के निर्माण तथा प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लें।

****